Regarding establishment of a medical college and expansion of medical facilities in Nathdwara in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ (राजसमन्द) **:** मैं सरकार का ध्यान मेरे राजसमन्द लोकसभा में और अधिक स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विकास और विस्तार की आवश्कता के प्रति आकर्षित कराना चाहती हूँ । पूर्व की राजस्थान सरकार द्वारा नाथद्वारा विधानसभा के गुन्जेल राजस्व ग्राम में मेडिकल कालेज की स्थापना के लिए भूमि आवंटन किया गया था परन्तु भवन निर्माण कतिपय प्रशासनिक कारणों से प्रारम्भ नहीं हो सका है | वर्तमान में मुझे अवगत कराया गया है कि कतिपय कारणों से राज्य सरकार द्वारा अब इस हेतु वित्तीय उपायों को भी नहीं उपलब्ध कराया जा सकेगा जिस कारण मेडिकल कालेज का निर्माण पूर्ण नहीं हो पायेगा | आर्थिक रूप से पिछड़े नाथद्वारा में जो राजसमन्द लोकसभा के अंतर्गत आता है, वहाँ तो मेडिकल सेवाओं के विकास और विस्तार में सरकार का सक्रिय सहयोग और भी अपरिहार्य हो जाता है | इस मेडिकल कालेज के बन जाने से आमजन को अच्छी और सस्ती मेडिकल सेवाएं उपलब्ध हो सकेगी जिससे बच्चों और महिलाओं को विशेष रूप से लाभ मिल सकेगा अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि राज्य सरकार के साथ मिलकर राजसमन्द लोकसभा में मेडिकल सेवाओं का विस्तार किया जाये और नाथद्वारा के गुन्जेल ग्राम में मेडिकल कालेज को बंद न किया जाये ।